सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-1

29 फाल्गुन, 1933 (श०)

सोमवार, तिथि ———————

19 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—24

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 08 |
| (2) कारा विभाग | .. | .. | 04 |
| (3) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) उद्योग विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) वित्त विभाग | .. | .. | 01 |
| (6) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) निर्वाचन विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) सांस्थिक वित्त विभाग | .. | .. | 02 |
| (9) वाणिज्य-कर विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) सूचना प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 24 |

आवास का निर्माण

*2058. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा अनुमंडल का गठन 4 अप्रैल, 1991 में हुआ, लेकिन अभीतक अनुमंडल पदाधिकारी तथा कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार मढ़ौरा अनुमंडल के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं , तो क्यों ?

----------

कैदियों को रखना

*2059. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मंडल कारा नवादा में कैदी वार्ड का दो मंजिला भवन विगत 4 वर्षों से बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कारा मंडल के चहारदीवारी के कार्य पूर्ण नहीं होने से अभीतक उक्त वार्डों में कैदियों को नहीं रखा जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मंडल कारा, नवादा के नवनिर्मित वार्डों का चहारदीवार का कार्य पूर्ण करवाकर नये वार्डों में कैदियों को रखने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यालय खोलना

*2060. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय में वाणिज्य-कर कार्यालय नहीं होने के कारण व्यापारियों को टैक्स जमा करने हेतु 25 कि०मी० दूर दरभंगा जाना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार बेनीपुर अनुमंडल मुख्यालय में वाणिज्य-कर विभाग का कार्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू करना

*2061. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा के अन्तर्गत उद्योग के नाम पर एक मात्र सुगर मिल एवं शराब मिल जो 15 वर्षों से बन्द है, फलस्वरूप यहां पर बेरोजगारों की संख्या काफी बढ़ गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र में बंद उद्योगों को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुमंडल का दर्जा

*2062. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड में थाना-अस्पताल, सरकारी कार्यालय, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सुविधाएं मौजूद हैं, इसके बावजूद आजतक बड़हिया को अनुमंडल का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है, अबकि अनुमंडल बनने का सभी शर्त पूरा करता है, यदि हां, तो क्या सरकार लक्खीसराय जिला के बड़हिया प्रखण्ड को अनुमंडल का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-कोषागार खोलना

*2063. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में उप-कोषागार नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-कोषागार नहीं रहने के कारण उक्त प्रखण्ड के कोषागार के कार्य हेतु 25 कि०मी० जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कसबा प्रखण्ड में उप-कोषागार खोलने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलिस चौकी की स्थापना

*2064. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा पुलिस जिला में भितहा थाना क्षेत्र के ''करहीया बसौली'' गाँव दियारा क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह स्थान दस्यु सरगनाओं का आश्रय स्थली के रूप में चर्चित रहा है, दियारे के कारण वहां पर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपराधियों, जंगल दस्युओं के पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु उक्त स्थान पर स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राईस मिल खोलना

*2065. श्री दुलालचन्द गोस्वामी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमण्डल में भारी मात्रा में धान का उत्पादन किया जाता है, परन्तु इस क्षेत्र में एक भी राईस मिल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार बारसोई में राईस मिल खोलने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बुथ धर्मशाला में रखना

*2066. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, निर्वाचन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत दक्षिण लालगंज पंचायत के महादेवपुर वार्ड 01 तथा 02 का निर्वाचन बुथ मध्य विद्यालय रोशन रहता है । जो पंचायत से 02 कि०मी० दूरी है, जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा अपना मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि महादेवपुर धर्मशाला में स्थायी बुथ रहने से उक्त पंचायत के मतदाताओं को काफी सहूलियत होगी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्ड का बुथ महादेवपुर धर्मशाला में रखने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दुर्घटना से बचाना

*2067. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 19 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''शहर में हादसों के आठ चौराहे, यहां से गुजरें संभलकर'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आयकर चौराहा, बेली रोड, बोरिंग रोड चौराहा, अनीसाबाद, फुलवारी रोड, हाईकोर्ट मोड़ और बेऊर/न्यू बाईपास मोड़, दानापुर स्टेशन रोड एवं जीरो माइल में कहीं जर्जर सड़क तो कहीं तीखे मोड़, अतिक्रमण, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार, लापरवाही से की गई ड्राइविंग हादसों के कारण पटना जिले में प्रत्येक माह औसतन करीब 42 लोगों का मौत हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त खतरनाक आठों मोड़ पर यातायात के अनुसार दुर्घटना को बचाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ओ०पी० खोलना

*2068. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी प्रखण्ड का मरगाहा, बुढ़ियाटीकर, धुरियाही, तिरासी इत्यादि गाँव बिल्कुल दियारा इलाके में है, जहां अपराधियों के नियंत्रण में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार बुढ़ियाटीकर में एक ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बूथ अमडोला में रखना

*2069. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, निर्वाचन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत कंहुनियां पंचायत के अमडोला गाँव का बूथ प्राथमिक विद्यालय बिसारे में रखा जाता है जो पंचायत से 4 कि0मी0 दूरी पर है, जिसके चलते उक्त पंचायत के अधिकांश मतदाता मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक विद्यालय, अमडोला में बूथ रहने से उक्त पंचायत के मतदाताओं को काफी सहुलियत होगी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का बूथ प्राथमिक विद्यालय, अमडोला में रखने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*2070. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत अमदाबाद थाना किराये के भवन में चल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार अमदाबाद थाना का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

छात्रावास का निर्माण

*2071. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए छात्रावास नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रावास नहीं रहने के कारण यहां के छात्रों को एक लम्बी दूरी तय कर स्कूल एवं कॉलेज आना-जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में अल्पसंख्यक छात्रावास बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*2072. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 नवम्बर, 2012 को प्रकाशित ''सीमांचल के दो दर्जन मूर्ति चोरी की घटनाओं को नहीं मिला सुराग'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत दो दशक में पूर्णियां जिला के सीमांचल के दो दर्जन मूर्ति चोरी की घटनाएँ हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2001 में पूर्णियां के कसबा के मदार धार ठाकुरबाड़ी की मूर्ति की कीमत 50 लाख, बनमनखी जीवछपुर के हरपट्टी गाँव की राम मूर्ति जिसकी कीमत 25 लाख, किशनगंज सूर्यदेव की आदमकद की मूर्ति सहित दो दर्जन मूर्ति की चोरी की घटनाओं का सुराग आजतक नहीं मिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पूर्णियां जिला के सीमांचल में दो दर्जन मूर्ति चोरी की घटनाओं का सुराग का पता लगाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कारा का विस्तार

*2073. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला कारा में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिला के कैदियों को रखा जाता है, जिसके कारण उक्त कारा में क्षमता से अधिक कैदियों की संख्या हो गयी है, यदि हां, तो सरकार उक्त कारा का विस्तार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शाखा खोलना

*2074. श्रीमती बीमा भारती-- क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के भवानीपुर बाजार में एस०बी०आई०, ए०टी०एम० सुविधा नहीं रहने से वहां के बैंक ग्राहकों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भवानीपुर बाजार में ए०टी०एम० खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना खोलना

*2075. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत पानापुर एवं तरैया थाना क्षेत्र के दियरा क्षेत्र उग्रवाद से प्रभावित हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में पानापुर प्रखंड के कौंध, बसहीया, भोरहा एवं तरैया प्रखंड के डुमरी, माधोपुर एवं अन्य गाँवों को काटकर भगवानपुर में थाना खोलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना का दर्जा

*2076. श्री ललन कुमर--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के अन्तर्गत चकिया ओ०पी० को पिछले दो दशकों से थाना का दर्जा नहीं दिया गया है जिसके कारण प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार सुरक्षा की दृष्टिकोण से चकिया ओ०पी० को थाना का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2077. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''वसुधा केन्द्र के नाम पर ठगे गये कई बेरोजगार'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने वर्ष 2009 में बिहार के सभी पंचायतों में वसुधा केन्द्र खोलने का निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के खजौली प्रखंड के संजय सिंह, मनोज सिंह, सुभाष चन्द्र सिंह सहित कई बेरोजगारों से वसुधा केन्द्र खोलने के नाम पर जुम कॉन्टेक्ट कम्पनी पटना ने पच्चीस-पच्चीस हजार रुपया जमा करवाया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र हेतु उक्त जुम कम्पनी ने आजतक कोई सामान मुहैया नहीं कराया है, जिससे ठगी के शिकार बेरोजगारों में आक्रोश व्याप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जुम कॉन्टेक्ट कम्पनी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

थाना बनाना

*2078. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 अप्रील, 2011 को प्रकाशित ''ऑन लाईन थाना बनाने की कवायद फांक रही धूल'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के फुलवारीशरीफ थाना को ऑन लाईन बनाने की कवायद धूल फांक रही है। पुलिस पब्लिक के बीच सामंजस्य बैठाने एवं थाने के आपराधिक अभिलेखों को दुरुस्त रखने के लिए अत्याधुनिक सुविधा से लैस कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना के पास मैन पावर की घोर कमी एवं कार्यक्षेत्र बढ़ते जाने के कारण ऑन लाईन नहीं होने से आधा दर्जन कम्प्यूटर खराब हो गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थाना को ऑन लाईन थाना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

* 2079. श्रीमती ज्योति देवी--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहनपुर के प्रखंड मुख्यालय में एक भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं होने से आम जनता के साथ-साथ सरकार के (प्रखंड परिसर में) सभी विभागों को वित्तीय कार्य निष्पादन करने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड मुख्यालय, मोहनपुर में राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कारा का निर्माण

* 2080. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल का गठन वर्ष 1992 में हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में आजतक कारा का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में कारा का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 2081. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे के जेलों की सुरक्षा खतरे में'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के जेलों में छापामारी के दौरान मोबाइल एवं सिम का लगातार मिलना जारी है;

(2) क्या यह बात सही है कि 30 नवम्बर, 2011 को राज्य के सभी जेल अधीक्षकों की हुई बैठक में इस बात का खुलासा हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि सुरक्षा से संबंधित जाँच के लिए लगाये गये इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं जैमर कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे इस तरह की समस्या उत्पन्न हो गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के जेलों की सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम, हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

लक्ष्मीकान्त झा,<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान-सभा ।

पटना:<br>
दिनांक 19 मार्च, 2012 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 148-डी०टी०पी०-450